समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# ‘हमारी नींद के लिए पहाड़ों मे सैनिक जाग रहे है’, भारत-पाक तनाव के बीच आलिया ने लिखा दिल छू लेने वाला नोट।

Publisher Published on 13 May 2025



## आलिया भट्ट ने इंस्टा अकाउंट पर एक लंबा और इमोशनल नोट पोस्ट कर सैनिकों को सैल्यूट किया है. साथ ही लिखा है कि हम देश के रक्षकों के साथ खड़े है.

पहलाम आंतकी हमले में 26 निर्दोष लोगों की मौत हो गई थी. इस नापाक हरकत का बदला देने के लिए भारत ने भी ऑपरेशन सिन्दूर के तहत पाकिस्तान और पीओके में कई आंतकी ठिकानों को तबाह कर दिया था. वहीं ऑपरेशन सिन्दूर की सक्सेस के बाद तमाम सेलेब्स भारतीय सशस्त्र बलों की जाबांजी को सलाम कर रहे हैं. अब आलिया भट्ट ने भी भारतीय सशस्त्र बलों के बलिदान के प्रति आभार और सम्मान जाहिर करने के लिए इंस्टा अकाउंट पर एक लंबा और इमोशनल नोट शेयर किया है.

पिछले कुछ दिन रहे मुश्किल
मंगलवार को आलिया भट्ट ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक नोट शेयर किया, जिसमें उन्होंने देश के जवानों और उनकी जननियों की तारीफ की आलिया ने माना कि पाकिस्तान के साथ सीमा पर तनाव के बीच पिछले कुछ दिन कठिन रहे हैं. आलिया ने अपने नोट में लिखा है, “पिछली कुछ रातें... अलग-अलग सी महसूस हुई हैं. जब कोई राष्ट्र अपनी सांसें थाम लेता है, तो हवा में एक तरह की शांति होती है. और पिछले कुछ दिनों में हमने उस शांति को महसूस किया है. वह शांत बेचैनी,”

आलिया ने आगे लिखा, “वह तनाव की नब्ज जो हर बातचीत के पीछे, हर न्यूज नोटिफिकेशन के पीछे, हर खाने की मेज के आसपास गूंजती रहती है.”

हम चैन की नींद सो सके इसके लिए वे जान की बाजी लगा देते हैं

आलिया ने इस बात पर भी जोर डाला कि कैसे सैनिक बिना सोए रात गुजारते हैं ताकि हम चैन की नींद सो सकें और आगे कहा, “हमें यह जानकर बहुत दुख होता है कि कहीं बाहर पहाड़ों में हमारे सैनिक जाग रहे हैं, सतर्क हैं और खतरे में हैं. जब हममें से अधिकांश लोग अपने घरों में दुबके हुए हैं, तब अंधेरे में खड़े पुरुष और महिलाएं हैं, जो अपनी जान की बाजी लगाकर हमारी नींद की रक्षा कर रहे हैं. और ये रियलिटी है... यह आपके लिए कुछ करती है. क्योंकि आपको एहसास होता है कि यह केवल बहादुरी नहीं है.”

आलिया ने जवानों की मांओं को किया सैल्यूट

उनके साहस और बलिदान के लिए आभार जताते हुए आलिया ने कहा, “यह बलिदान है. और हर वर्दी के पीछे एक माँ है जो सोई नहीं है. एक मां जो जानती है कि उसका बच्चा लोरियों की रात नहीं, बल्कि अनिश्चितता की रात का सामना कर रहा है। ,तनाव की. एक ऐसी खामोशी जो एक पल में बिखर सकती है.”

सैनिको की शहादत पर आलिया ने जताया शोक

देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले सैनिकों की शहादत पर शोक व्यक्त करते हुए आलिया ने कहा, “हम उन सैनिकों के लिए शोक जता रहे हैं जो कभी घर नहीं लौटेंगे, जिनके नाम अब इस देश की आत्मा में अंकित हो गए हैं. उनके परिवारों को राष्ट्र की कृतज्ञता से शक्ति मिले.”

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.